राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 (संस्कृति विभाग, उ0प्र0)

(संघटक–भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ)

लाल बारादरी भवन, कैसरबाग, लखनऊ

पत्र सं0 /प्रथम–459/2021–22

दिनांक 10 अक्टूबर, 2024

सूचना

बी0वी0ए0 (चित्रकला) प्रवेश 2024–25

भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के संघटक संस्थान राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 (संस्कृति विभाग, उ0प्र0) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 की 20 सीटों के सापेक्ष प्रवेश परीक्षा परिणाम–प्रावधिक सूची एवं प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गयी है। प्रवेशार्थियों से अपेक्षा है कि प्रावधिक सूची के अभ्यर्थी दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक अपने समस्त दस्तावेज (समस्त अंक–पत्र, प्रमाण–पत्र, उपाधियाँ, माइग्रेशन, चरित्र प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण–पत्र, आय प्रमाण–पत्र, टी0सी0 एवं आधार कार्ड सहित दस्तावेजों के स्व–प्रमाणित दो सेट, पासपोर्ट साइज 04 रंगीन फोटो) के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले लें और निर्धारित शुल्क परीक्षा–शुल्क सहित रू0 6,800/–(रुपये छः हजार आठ सौ) मात्र का भुगतान विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से दिनांक 16 अक्टूबर, 2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 रात्रि 11:00 बजे तक कर सकेंगे। दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक बची सीटों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची के अनुसार अभ्यार्थियों को मेरिट एव प्रवेश नियमों के आधार पर प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। शुल्क का भुगतान 18 अक्टूबर, 2024 प्रातः 10:00 बजे से 19 अक्टूबर, 2024 रात्रि 11:00 बजे तक कर सकेंगे।

अभ्यर्थी समस्त दस्तावेज लेकर भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय कार्यालय परिसर, 1–कैसरबाग, लखनऊ में उपस्थित होंगे।

(डॉ0 श्रद्धा शुक्ला)
निदेशक

पत्र सं0 929/प्रथम–459/2021–22 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः

1. मा0 अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. कार्यकारी अध्यक्ष, रा0ल0क0अ0, उ0प्र0 एवं प्रमुख सचिव, संस्कृति विभाग, उ0प्र0 को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. कुलसचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ को सादर सूचनार्थ एवं इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

10/10/24

(डॉ0 श्रद्धा शुक्ला)
निदेशक